आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 अगस्त 2024 — सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पचपन करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण अभियान के तहत एमबीबीएस और पैरामेडिकल विद्यार्थियों को चार सौ तिरासी टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किये। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से प्रदेश के करोड़ो लोगों का इलाज सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों से चिकित्सकीय प्रतिष्ठा बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि वह खुद को जनता की सेवा के लिए समर्पित भाव से तैयार करे।

****

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट यूजी दो हजार चौबीस परीक्षा को इसलिये रद्द नहीं किया गया, क्योंकि इसकी शुचिता में कोई प्रणालीगत चूक नहीं पाई गई। पेपर लीक सिर्फ पटना और हजारीबाग तक सीमित था। मुख्य न्यायाधीश डी0वाई0 चन्द्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तेइस जुलाई को सुनाये गये आदेश में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए को अपना ढुलमुल रवैया बंद करना चाहिये, क्योंकि यह छात्रों के हितों में नहीं हैं। पीठ ने कई निर्देश जारी किये। साथ ही एनटीए के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिये इसरो के प्रमुख के0 राधाकृष्णन की अध्यक्षता में केन्द्र द्वारा बनाई गई समिति के दायरे का विस्तार किया। इसमें कहा गया कि समिति का दायरा बढ़ा है, इसलिये समिति परीक्षा प्रणाली में कमियों को दूर करने के लिये विभिन्न उपायों पर अपनी रिपोर्ट तीस सितम्बर तक प्रस्तुत करें।

****

वाराणसी में कल चार अगस्त से इक्कीस अगस्त तक अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। जिले के रणबांकुरे स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस रैली में वह अभ्यर्थी भाग लेगे, जिन्होंने पिछले अप्रैल महीने में आयोजित ऑनलाइन कॉमन इन्ट्रेंस एग्जाम पास कर लिया है। यह भर्ती अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणी के रिक्तियों के लिए की जा रही है। इस रैली में मऊ, बलिया, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, गाजीपुर, संतरविदास नगर , सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर और वाराणसी के अभ्यर्थी हिस्सा लेगें। अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किये जा चुके हैं।

****

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि गन्ना आपूर्ति के लिए तीस सितंबर तक गन्ना विकास सहकारी समितियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सदस्य बनाया जाएगा। राज्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में गन्ना किसानों को समिति की सदस्यता दिलाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। आज पीलीभीत में विभागीय अधिकारियों के साथ अयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि इस अभियान में सभी जिला गन्ना अधिकारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति, गन्ना पर्यवेक्षक और सभी चीनी मिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सदस्य बनने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इस कार्य में किसानों की मदद के लिए गन्ना विकास समितियों औरा चीनी मिलों पर किसान सहायता स्थापित किये गये है। उन्होंने बताया कि इच्छुक गन्नाा किसानों को सदस्य बनने के लिए शुल्क के रूप में मात्र इक्कीस रूपये देने होगें।

****

भारत और नेपाल के संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से नेपाल के बुद्ध एयरलाइंस द्वारा काशी से काठमाण्डू तक एयरलाइंस सेवा शुरू की गयी है। वाराणसी के एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बुद्ध एयरलाइंस के निदेशक रूपेश जोशी ने बताया कि वाराणसी–काठमाण्डू सीधी विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुद्धवार और शुक्रवार को संचालित होंगी।

****

वर्षा और विभिन्न बैराजों से छोड़े जा रहे पानी के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ़ने की खबर है। उत्तराखण्ड में बादल फटने की घटना के बाद हरिद्वार और बिजनौर बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में कछला गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन ने इसे लेकर हाई अलर्ट जारी करते हुए सतर्कता बरतने का दिशा–निर्देश दिया है। बस्ती जिले में घाघरा नदी के घटते जलस्तर के कारण बांधों में कटान शुरू हो गयी है। कटान के कारण करीब सौ बीघा जमीन फसल सहित नदी में समा गयी है। उधर, प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। जौनपुर में तेज आधी के साथ रूक–रूक कर हो रही बारिश से मक्का, अरहर जैसी फसलों को नुकसान होने लगा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में अगले दो दिन तक तेज हवा के साथ रूक–'रूक कर वर्षा का पूर्वानुमान जताया है।

****

लखनऊ मेल स्वतंत्रता दिवस से चारबाग रेलवे स्टेशन से चलने लगेगी। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से इसका संचालन आदेश जारी कर दिया गया है। पन्द्रह अगस्त को पहली बार छह साल बाद यात्रियों को लेकर ट्रेन चारबाग स्टेशन से नई दिल्ली के लिये रवाना होगी। अभी तक यह ट्रेन लखनऊ जंक्शन से प्रतिदिन रात दस बजे दिल्ली रवाना होती थी।

****